सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-189
17/04/2018

मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चन्द्रशेखर जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 17 अप्रैल 2018 :– पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चन्द्रशेखर जी की जयंती पर पटना में राजकीय जयंती समारोह का आयोजन बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी, पार्क न0–2, कंकड़बाग में किया गया। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चन्द्रशेखर जी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत्–शत् नमन किया एवं भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर पथ निर्माण मंत्री श्री नन्द किशोर यादव, पूर्व मंत्री श्री श्याम रजक, विधायक श्री विद्यासागर निषाद, पूर्व महासचिव नागरिक परिषद श्री अरविंद कुमार सिंह सहित अनेकों सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने स्व0 चन्द्रशेखर जी के आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा भजन, कीर्तन एवं देशभक्ति गीतों का गायन किया गया, आरती पूजन की गई।

******